education programmes are regularly organised by the State Resource Centres for Adult Education located in respective States. Besides such workshops, National Literacy Mission also organises, from time to time, Training-cum-Orientation Workshops in collaboration with State Directorate of Adult Education and State Resource Centres depending upon the training needs in a State. A Regional Workshop on Continuing Education was organised by the National Literacy Mission in collaboration with the State Directorate of Adult Education, Andhra Pradesh on 26—28th June, 1996 at Hyderabad for the Southern States.

केन्द्रीय विद्यालय संगठन के कर्मचारियों के लिए एक पृथक वेतन बोर्ड का गठन

801. **श्री गोविन्दराम मिरी:** क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या केन्द्रीय विद्यालय संगठन के किसी शिक्षक संघ ने केन्द्रीय विद्यालय संगठन के कर्मचारियों के लिए एक पृथक वेतन बोर्ड के गठन की मांग की है; और

(ख) यदि हां, तो सरकार की इस पर क्या प्रतिक्रिया है?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय में शिक्षा विभाग में राज्य मंत्री (श्री मुद्दी राम सैकिया): (क) जी, हां।

(ख) केन्द्रीय विद्यालय संगठन के कर्मचारियों के लिए एक अलग वेतन बोर्ड स्थापित करना व्यवहार्य नहीं पाया गया क्योंकि एक रूपता और सामंजस्य सुनिश्चित करने के लिए केन्द्रीय विद्यालय संगठन भारत सरकार द्वारा निर्धारित वेतनमानों को अपनाता है।

दिल्ली पब्लिक स्कूलों की लेखा परीक्षा

802. **श्री राजनाथ सिंह:**
श्रीमती मालती शर्मा:

क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली पब्लिक स्कूल की शाखाएं दिल्ली, नई दिल्ली, नोएडा और अन्य स्थानों पर खोली गयी हैं और इन स्कूलों द्वारा चन्दों के नाम पर भारी धनराशि इकट्ठी की जा रही है और वे सरकार के समक्ष अपनी वास्तविक आय प्रकट नहीं कर रहे हैं;

(ख) क्या सरकार को पिछले तीन वर्षों के दौरान इन स्कूलों द्वारा अर्जित की गयी आय और अदा की गयी आयकर की राशि की जानकारी है और वास्तविक अर्जित की गयी आय और अदा किये गये आयकर की राशि का पता लगाने के लिये क्या इन स्कूलों के खातों की लेखा परीक्षा की गयी है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो क्या सरकार उनके विरुद्ध उपयुक्त कार्रवाई करने का विचार रखती है?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय में शिक्षा विभाग में राज्य मंत्री (श्री मुद्दी राम सैकिया): (क) से (ग) राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली ने सूचित किया है कि नई दिल्ली में दिल्ली पब्लिक स्कूल सोसायटी द्वारा चलाए जा रहे तीन दिल्ली पब्लिक स्कूल है। उपर्युक्त सोसायटी नोएडा और देश के अन्य भागों में भी स्कूल चला रही है। दिल्ली के स्कूल दिल्ली सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त हैं तथा दिल्ली स्कूल शिक्षा अधिनियम/नियमावली, 1973 के अधीन नियंत्रित किए जाते हैं। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार ने सूचित किया है कि दिल्ली में स्कूलों के परीक्षित लेखा विवरण से स्कूल प्रबंध समिति द्वारा कोई दान लिए जाने के बारे में पता नहीं चलता। परीक्षित विवरण के अनुसार इन स्कूलों द्वारा कोई आयकर नहीं दिया जाता।

राज्यों में चलाए जा रहे स्कूल उनके सम्बंधित अधिनियमों/नियमावली द्वारा विनियमित किए जाते हैं।

केन्द्रीय विद्यालय संगठन खेल नियंत्रण बोर्ड

803. **श्री शिव चरण सिंह:** क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि खेल नियंत्रण बोर्ड केन्द्रीय विद्यालय संगठन के अधीन खेल गतिविधियों की निगरानी रखने और उनके विकास के लिए कार्यरत है;

(ख) यदि हां, तो इसके गठन के लिए मंजूरी किसके द्वारा दी गयी और कब दी गयी;

(ग) पिछले तीन वर्षों के दौरान बोर्ड द्वारा प्राप्त की गयी और खर्च की गयी धनराशि का वर्षवार ब्यौरा क्या है और इसके आय के स्रोतों का ब्यौरा क्या है;